# प्रभारी सचिव ने विभागीय अधिकारियों के साथ ली समीक्षा बैठक

**अजमेर, (कासं)।** जिले की प्रभारी सचिव गायत्री ए. राठौड़ की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में अतिवृष्टि से निपटने की तैयारियों, जलभराव की रोकथाम, राहत उपायों तथा राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। प्रभारी सचिव ने निर्देश दिए कि आगामी बारिश के दृष्टिगत सभी विभाग प्रोएक्टिव अप्रोच अपनाएं तथा संभावित आपदा प्रबंधन की रूपरेखा पहले से तैयार रखें। इससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी जिम्मेदारीपूर्वक तत्परता से कार्य करे और जर्जर भवनों, खुले विद्युत तारों, फायर सेफ्टी, सड़क सुरक्षा तथा निचले इलाकों में जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करें। प्रभारी सचिव राठौड़ ने सभी विभागों को दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को लेकर सतर्क किया तथा निर्देश दिए कि जर्जर भवनों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों की मरम्मत और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए सर्वे रिपोर्ट के अनुसार वैकल्पिक स्थानों की व्यवस्था की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि खुले एवं ढीले विद्युत तारों का तत्काल सुधार किया जाए।

# प्रकृति मां समान, संरक्षण हमारा धर्म, संरक्षण के बिना वृक्षारोपण अधूरा : देवनानी



पृथ्वीराज नगर में नगर वन का लोकार्पण हुआ ।

- प्रकृति का संरक्षण ईश्वर की सबसे बुद्धिमान संरचना मानव का दायित्व : अनिता भदेल
- जिला स्तरीय वन महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन

**अजमेर, (कासं)।** पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को पृथ्वीराज नगर वन माकड़वाली में वन मण्डल अजमेर के तत्वावधान में जिला स्तरीय वन महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया गया। यहा सब की सहभागिता से 5 हजार से अधिक पौधे लगाएं गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रहे। अतिथियों द्वारा वन विभाग के पृथ्वीराज नगर में विकसित नगर वन का लोकार्पण भी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने वन महोत्सव को केवल उत्सव नहीं बल्कि चेतना का पर्व बताया और कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रकृति को 'मां' के समान मानकर शुरू किया गया अभियान एक पेड़ मां के नाम आज जन चेतना का रूप ले रहा है।

देवनानी ने कहा कि हरियाली तीज के पावन अवसर पर हरियाळो राजस्थान अभियान के माध्यम से हमें हरे-भरे प्रदेश के निर्माण का संकल्प लेना है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से जल स्तर में गिरावट और वायु प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। इनका समाधान तभी संभव है जब प्रकृति को मां का दर्जा देकर उसके संरक्षण के लिए जन-आंदोलन खड़ा किया जाए।

उन्होंने कहा कि पेड़ लगाने के साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी समाज को उठानी होगी। अजमेर की भौगोलिक स्थिति अरावली पर्वतमालाओं के मध्य होने के कारण इसे हरियाली के अनुकूल बताया और कहा कि नगर वन को आमजन की पहुंच में सुलभ बनाना चाहिए। विधायक अनिता भदेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात से प्रेरणा लेकर प्रत्येक नागरिक को ईश्वर की सर्वोत्तम रचना प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन की स्थिति मानव के अतिवादी वैज्ञानिक प्रयोगों का परिणाम है। इसका असर जनजीवन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश में 10 करोड़ से अधिक वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने अधिकारियों को इस दिशा में दायित्व निर्धारण कर पौधों की दीर्घकालिक निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा। मुख्य वन संरक्षक ख्याति माथुर ने कहा कि राज्य में इस बार हरियाली तीज को सघन वृक्षारोपण महाअभियान के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक हरियाली का विस्तार वन विभाग के साथ पूरे समाज का उत्तरदायित्व है। उपमहापौर नीरज जैन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पिछले वर्ष घोषित 7 करोड़ वृक्षारोपण लक्ष्य को पार करते हुए 7.5 करोड़ पौधे लगाए गए थे। इस वर्ष भी 10 करोड़ पौधारोपण के लक्ष्य को पार करने की दिशा में पौधारोपण किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा विभाग की ओर से निक्षय पोषण किट का वितरण भी किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ज्योत्सना रंगा द्वारा अपील की गई कि टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें 6 माह तक पोषण सहायता दी जाए। जिला कलक्टर एवं प्रभारी सचिव ने 5-5 मरीजों को गोद लिया है।

# 'हरियाळो राजस्थान 2.0 को जनभागीदारी से मिल रही मजबूती'

- उपमुख्यमंत्री दौरे में दिखा पर्यावरण के प्रति उत्साह

**भीलवाड़ा।** जिसके पास दूरदृष्टि होती है, वही जनहित के कार्यों को धरातल पर उतारने की क्षमता रखता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग - महिलाओं, युवाओं, किसानों और वंचितों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है।"

यह बात राज्य के उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री प्रेमचंद बैरवा ने पंचायत समिति माण्डलगढ़ की ग्राम पंचायत दौलपुरा में आयोजित वृहद वृक्षारोपण महाअभियान कार्यक्रम में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम एवं हरियाळो राजस्थान 2.0 के तहत उपमुख्यमंत्री बैरवा के मुख्य आतिथ्य में एक पेड़ माँ के नाम वाटिका में 51,000 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। यह आयोजन हरियाली तीज के शुभ अवसर पर संपन्न हुआ, जिसमें चारागाह भूमि पर सामूहिक रूप से पौधारोपण करते हुए ग्रामीणों, स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने व्यापक सहभागिता निभाई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान केवल पर्यावरण-संरक्षण तक सीमित न होकर भावनात्मक जुड़ाव का माध्यम है। जब हम पौधे को अपने माँ, पिता, गुरु या किसी महापुरुष के नाम समर्पित करते हैं, तो आत्मीय रिश्ता बनता है और उसकी परवरिश एक दायित्व बन जाती है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस अभियान को राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक बताया और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राज्य स्तर पर इसे गति देने को सार्थक नेतृत्व का उदाहरण कहा। कार्यक्रम में माण्डलगढ़ विधायक गोपाललाल शर्मा ने कहा कि एक पौधा माँ के नाम अभियान एक जन आंदोलन बन चुका है, और यह प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह कम से कम एक पौधा जरूर लगाए। उन्होंने कोविड काल के अनुभवों का ज़िक्र करते हुए प्रकृति के प्रति संतुलन बनाए रखने का आ ान किया।

# 'एक पेड मां के नाम' हरियाली तीज पर 500 पौधे रोपे गए : भदेल

- कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया और लगभग 500 पौधे लगाए गए

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र विधायक अनिता भदेल के नेतृत्व में हरियाली तीज के शुभ अवसर पर 'एक पेड मां के नाम' अभियान के अंतर्गत भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वार्ड नम्बर 55 स्थित वन देवी वृक्ष कुंज, एम.डी. कॉलोनी, नाका मदार, अजमेर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया और लगभग 500 पौधे लगाए गए।

इस अवसर पर विधायक भदेल ने कहा कि वार्ड नंबर 55 की आम जनता का सहयोग इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में रहा जिससे यह वृक्षारोपण कार्यक्रम सफल रहा। लगभग 500 पेड लगाए गये जिनमें नीम, पीपल, शीशम, कुरून्ज, बड, जंगल जलेबी सहित अन्य का पौधरोपण किया गया।

विधायक भदेल ने बताया कि एक पेड मां के नाम थीम पर लोगों द्वारा उनकी बुजुर्ग माताओं को कार्यक्रम में लाया गया ओर उनके द्वारा पौधारोपण करवाया। बडी संख्या में लोगों ने यहां पौधे लगाये है। भदेल ने कहा कि इस वृक्षारोपण अभियान का उद्देश्य केवल हरियाली बढ़ाना नहीं, बल्कि मातृत्व को सम्मान देना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और सामाजिक सहभागिता को मजबूत करना है। इन्हें रोपने के साथ सुरक्षा और पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी हर किसी की होनी चाहिए। विधायक भदेल ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से हम न केवल पर्यावरण की रक्षा कर रहे हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य सुनिश्चित कर रहे हैं। यदि वन नहीं रहेगा तो हम नहीं रहेंगे। इसीलिए जंगल और पेड़ों का संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इन्हें रोपने के साथ सुरक्षा और पालन-पोषण की जिम्मेदारी भी हर किसी की होनी चाहिए। पूर्व में लगाए गए वृक्षों को देख कर खुशी जताते हुए विधायक भदेल ने बताया कि पूर्व में लगाये गये वृक्ष अब प्रफुल्लित दिख रहे है जो पौधे हमने गत वर्षो में रोपे थे, वे अब हरे-भरे वृक्षों में बदल चुके हैं। अब यह ऑक्सीजन का भण्डार हो गये है। आवास कॉलोनियों, मुख्य मार्ग, पार्कों के आस-पास में सरकारी भवनों, अस्पताल, स्कूल आदि के चारों ओर पौधारोपण स्थलों के रूप में आदर्श होते हैं। इन जगहों से हवा की शुद्धि, छाया एवं सामूहिक आकर्षक हरियाली को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर लोक बंधु, सुरेन्द्र सिंह शेखावत, जिला मंत्री राजेश घाटे, हितेश डाबरिया, विनोद बागोरिया, गजेन्द्र, चेतन माली, रोहित, भारत भूषण, संदीप सलूजा, सीमा गोस्वामी, मंजू, बीना टांक, रेनू, शारदा, स्वाति, इन्द्रवीर, नील मित्तल, नीता खन्ना, महावीर सिंह, जगदीश यादव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी मौजूद थे।

# निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 175 नेत्र रोगियों की जांच

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** लायन्स क्लब किशनगढ़ क्लासिक की और से बाबा साहेब रतनलाल पाटनी की पुण्य स्मृति में आर के मार्बल ग्रुप के आर्थिक सहयोग से आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 175 रोगियों की जांच की गई, इनमे से 38 रोगियों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिये उपयुक्त पाया गया। अध्यक्ष अमित अगरवाल व सचिव रमाकांत काबरा ने बताया की बाहेती धर्मशाला में आयोज्य शिविर में रोगियों के लिये लेंस प्रत्यारोपण सहित जांच, चश्मा, भोजन, आवास, दवा निःशुल्क रहेगी। नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित सभी 38 रोगियों के लिए जयपुर आने जाने की बस व्यवस्था, नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के साथ रहने, भोजन आदि सभी व्यवस्था शंकरा आई हॉस्पिटल के सौजन्य से होंगी। इस दौरान संयोजक मुकेश गोयल, नरेंद्र मेहता, पदमचंद जैन, राकेश ओसवाल, मुकेश बज, महेंद्र नाहर, मनोज गोधा, सीए सुशील बंसल व आर के पाटनी गर्ल्स कॉलेज की स्काउट छात्राओं और स्काउट सदस्यों ने सहयोग किया।

# विधायक ने अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** विधायक विकास चौधरी ने अरांई व बोराडा क्षेत्र में दौरा कर अतिवृष्टि के कारण किसानो को हुए भारी नुकसान का जायजा लिया।विधायक चौधरी ने बताया की भारी बरसात से खेतो में पानी भरा हुआ है और फसले पूर्ण रूप से नष्ट हो गई। आबादी क्षेत्र में जल भराव के कारण रिहायशी मकानो को नुकसान हुआ। उन्होंने मौके पर संबंधित अधिकारियों से बात कर जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित करने के निर्देश देते हुए कहा की तत्काल पानी की निकासी करने के साथ आर्थिक नुकसान का सर्वे करवाकर तत्काल मुआवजा दिलाया जाये। विधायक चौधरी ने आमजन से अपील की है की अतिवृष्टी प्रभावित खेत, मकान या अन्य नुकसान की जीपीएस फोटो खींचकर प्रशासन को अवगत कराये। दौरे के दौरान पिछले दिनों जिन परिवारों ने अपनों को खोया उनकी बैठकों में भी पहुंचकर दुःख-दर्द को साझा किया।

# आईआईटी मद्रास में चयन पर राना पब्लिक स्कूल ने गरिमा का किया अभिनन्दन

- स्कूल प्रबंधन की ओर से एक लाख का लैपटॉप किया भेंट

**बोरावड(निस)** बोरावड के गणेश डूंगरी रोड़ स्थित राना पब्लिक स्कूल की छात्रा गरिमा राठौड़ का बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ही आईआईटी मद्रास के में चयन होने के उपलक्ष्य मे विद्यालय प्रांगण में समारोह का आयोजन कर गरिमा का स्वागत-अभिनन्दन किया गया। समारोह के मुख्य मेहमान राम राना शिक्षण संस्थान के निदेशक राजेन्द्र डारा थे, जबकि अध्यक्षता संस्थान के सचिव खेमचन्द डारा ने की। मकराना तहसील पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनय सोनी तथा रिटायर्ड सुबेदार मेजर भवानी सिंह राठौड़-जाखली विशिष्ट मेहमान के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विद्यालय की प्रबंध निदेशक डॉ. इन्द्रा चौधरी व प्रधानाध्यापिका विमला डारा ने छात्रा गरिमा राठौड़ का मारवाड़ी संस्कृति का प्रतीक साफा पहनाकर तथा मुंह मीठा करवाते हुए स्वागत-अभिनन्दन किया। इसके पश्चात संस्थान के निदेशक राजेन्द्र डारा व सचिव खेमचन्द डारा के साथ प्रबंध निदेशक डॉ. इन्द्रा चौधरी व विमला डारा ने गरिमा राठौड़ को एक लाख रूपयों की लागत का एप्पल कम्पनी का लैपटॉप भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव खेमचन्द डारा ने कहा कि गरिमा ने विद्यालय प्रबंधन व प्रशासन को गौरव का अवसर देकर इस बात को सिद्ध कर दिया है कि बिना किसी कोचिंग के भी मेहनत करने पर सफलता कदम चूमती है। वहीं गरिमा के दादा सेवानिवृत्त सुबेदार मेजर भवानी सिंह राठौड़-जाखली ने कहा कि गुरु के सहयोग से ही सफलता की राह प्रशस्त हो सकती है। उन्होंने राना पब्लिक स्कूल के शिक्षक स्टॉफ का आभार प्रदर्शन किया। वहीं गरिमा राठौड़ ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अपनी रुचि एवं योग्यता के अनुसार लक्ष्य चुनने से सफलता आसान हो जाती है।

उसने कहा कि गुरुजनों के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत कर अपने लक्ष्य को हांसिल करना चाहिए। वहीं गणित विषय के व्याख्याता मोहम्मद इमरान ने कहा कि गरिमा प्रतिभाशाली छात्रा है, इसके परिजनों ने आईआईटी परीक्षा की तैयारी को लेकर हमेशा सपोर्ट किया है। निदेशक राजेन्द्र डारा ने सभी का आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मातृभूमि डिग्री कॉलेज के प्राचार्य अश्विनी करेशिया, स्कूल प्रधानाचार्य नीलेश शर्मा, उप प्रधानाचार्य दौलत सिंह शेखावत, विद्यालय स्टॉफ में सुनील जूनी, अर्जुन आचार्य, विष्णु शर्मा, मनोज सैनी, दीपक दाधीच सहित स्टॉफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# दादाबाड़ी चल जिनालय में प्रतिष्ठा उत्थापन सम्पन्न

- समस्याओं का समाधान जैन दर्शन से : मुनि सम्यकरत्नसागर

**अजमेर, (कासं)।** 871 वर्ष पुरानी खरतरगच्छाचार्य दादागुरूदेव की जिनदत्तसूरि महाराज की समाधि स्थल दादाबाड़ी में रविवार को "श्री विमलनाथ भगवान, क्षेत्रपालजी और दादागुरूदेव श्री जिनदत्तसूरिजी " महाराज की उत्थापन एवं प्रतिमा की प्रतिष्ठा शुभ मूर्हूत प्रातः 08.45 बजे खरतरगच्छाचार्य श्री जिनपीयूषसागर सूश्विर श्री महारासा के सारथी शान्त स्वभावी श्री सम्यकरत्नसागर जी महारासा ठाणा-6 और शासन ज्योति जीर्णोद्धार प्रेरिका साध्वी मनोहरश्रीजी महारासा ठाणा-6 के सानिध्य में रायपुर छत्तीसगढ़ निवासी संघवी जयकुमार शकुन्तलादेवी वेद परिवार की ओर से रवांचरोड़ मध्यप्रदेश से आये विविकारक पंकज द्वारा विधिविधान से मंत्रोचारण से प्रतिष्ठित करवाई गई।

धर्मसभा को सम्बोधित करते हुये मुनि सम्यकरत्नसागर जी महाराज ने श्वांस, समय और पुण्य की चंचलता का वर्णन करते हुये इनका सदुपयोग करते हुये जीवन को सार्थकता प्रदान करने की बात कहते हुये कहा कि वर्तमान समय में विश्व की जटिल समस्याओं का समाधान जैन दर्शन ही प्रदान कर सकता है। श्री जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ प्रवक्ता रिखब सुराणा ने बताया कि दादाबाड़ी मूलमन्दिर से प्रतिमाओं को बैण्डबाजों शहनाई ढोल नगाडो के साथ महिलाएं मंगलगीत गाते हुये "चल जिनालय" पहुंची जहां "भगवान को पधारने का आव्हान किया गया और भजनों के माध्यम से भगवान को प्रतिष्ठित होने हेतु आमन्त्रित किया गया।

## सार-समाचार

### बाइक राइडर को विधायक भदेल ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**अजमेर, (कासं)।** महाराणा प्रताप समिति, वडोदरा द्वारा एक अनूठी भक्ति एवं देशभक्तिपूर्ण 'सनातन यात्रा' जो पवित्र श्रावण मास के दौरान वडोदरा से केदारनाथ तक बाइक राइडर द्वारा जा रही है। शनिवार रात्रि अजमेर पहुंचने के बाद रविवार सुबह जांगिड़ आश्रम नसीराबाद रोड़ अजमेर से सभी बाइक राइडर को विधायक अनिता भदेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर अजमेर से रवाना किया। युवाओं के साथ-साथ 51 बाइक सवार और कई सामाजिक आगेवान भी उत्साहपूर्वक इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं। यात्रा का मुख्य उद्देश्य भगवान शिव को समर्पित आस्था और संस्कृति से परिपूर्ण कार्य, केदारनाथ मंदिर को रुद्राक्ष और डमरू से भव्य रूप से सजाना है। रुद्राक्ष भगवान शिव की तपस्या और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है, जबकि डमरू सृष्टि की ध्वनि और ब्रह्मांड की लय का प्रतीक है। इन दोनों का सुंदर संयोजन मंदिर की दिव्य शोभा का निर्माण करेगा, जो भक्तों के लिए भक्ति और भावना की प्रेरणा का एक अनूठा स्रोत होगा। यह यात्रा केवल एक भौतिक यात्रा नहीं है, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा, संस्कृति और अक्ति का परिचय देने का एक संकल्प है। युवाओं के नेतृत्व में यह यात्रा समाज को शाश्वत मूल्यों, एकता और एक सकारात्मक संदेश देगी।

### सत्य साई सेवा समिति अजमेर द्वारा दौराई में 101 वृक्ष लगाए गए

**अजमेर, (कासं)।** श्री सत्य साई सेवा समिति अजमेर के साई यंग मैसेंजर की पहल पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दौराई में प्रेमतरु योजना के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम युवाओं द्वारा वेद पाठ, साई गायत्री एवं गायत्री मंत्र के माध्यम से भगवान की आराधना की गई। उसके पश्चात श्री सत्य साई सेवा संगठन के राज्य अध्यक्ष डा. मनोज बत्रा ने ग्राम वासियों को प्रेमतरु कार्यक्रम की जानकारी एवं सत्य साई बाबा के शताब्दी जन्मोत्सव वर्ष पर आयोजित किए जाने वाली विभिन्न परियोजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात वृक्षारोपण कार्यक्रम गांव दौराई के युवाओं और बाल विकास बच्चों के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में 101 वृक्ष लगाए गए। कार्यक्रम के लिए बाल विकास बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया।

### आमजन को लाभान्वित करने के दिये निर्देश

**नागौर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी रविवार को जिले के दौरे पर रहे। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की विभगवार समीक्षा कर अधिकारियों को दिशा- निर्देश दिए।बैठक में प्रभारी मंत्री चौधरी ने जिले में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा कर जिले में आवंटित लक्ष्य अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने, पिछले वर्ष लगाए गए पौधों की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री चौधरी ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा कर स्वच्छ भारत मिशन के तहत पंचायत समिति स्तर पर टेंडर जारी कर सफाई कार्य की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा योजना के तहत लंबित आवेदनों की स्थिति, ई-केवाईसी की प्रगति, लाडो प्रोत्साहन योजना, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, जल जीवन मिशन, कुसुम योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कर्म भूमि से मातृ भूमि अभियान, पंच गौरव और नमो ड्रोन दीदी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक कार्य प्रगति हासिल करने के निर्देश दिए।

### श्री सर्वेश्वर मित्र मंडल, अजमेर की मासिक बैठक संपन्न

**अजमेर, (कासं)।** श्री सर्वेश्वर मित्र मंडल अजमेर की जुलाई माह की मासिक बैठक संस्था अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में श्री गौड़ ब्राम्हण सभा भवन, रेलवे सरक्युलर रोड़ (डी आर एम ऑफिस के पास) अजमेर में आयोजित की गई। संस्था अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल व महासचिव प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ ईश वंदना के साथ हुआ, इसके पश्चात महासचिव प्रवीण अग्रवाल ने गत मासिक बैठक का कार्यवाही विवरण पढ़कर सुनाया जिसका सभी ने अनुमोदन किया। अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। अग्रवाल ने बताया कि संस्था आमसभा 17 अगस्त रविवार को गौरी कुंड (सराधना) में आयोजित की जायेगी। इस अवसर पर संस्था के 75 वर्ष या उससे अधिक आयु के सदस्यों का अभिनंदन भी किया जायेगा

### जिला स्तरीय वन महोत्सव में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**नागौर।** जिला स्तरीय वन महोत्सव को लेकर राजकीय आईटीआई परिसर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिम में माननीय मंत्री जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू जल विभाग, श्री कन्हैयालाल मुख्य अतिथि रहे । इस दौरान सर्वप्रथम तुलसी का पौधा भेंटकर अतिथियों का सम्मान किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में पद्मश्री हिम्मताराम भांभू द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर स्कूल व कॉलेज विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण से संबंधित कविता पाठ, लघु नाटिका व नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई। इस दौरान किसान आयोग अध्यक्ष सी आर चौधरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन पर चित्रकला प्रतियोगिता व सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

### देशवाली विकास समिति कार्यकारिणी में आमीन सदर

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस) देशवाली समाज की रामनेर रोड़ एस एस मार्केट में आयोज्य जनरल मीटिंग में सर्वसम्मती से कार्यकारिणी घोषित की गई। देशवाली विकास समिति कार्यकारिणी में संरक्षक के पद पर अब्दुल सत्तार गुर्राक, सदर आमीन मोहम्मद भाटी, नायब सदर भंवर खां मिलावत व कमरूद्दीन गहलोत, सचिव इमरान मोहम्मद टाक, सह सचिव रशीद मोहम्मद, कोषाध्यक्ष निजामुद्दीन गौड, सह कोषाध्यक्ष अमीर खान देशवाली, महासचिव बदरूद्दीन बड़ायलया, संगठन मंत्री रफीक भुट्टा, प्रचार मंत्री नसरुदीन गहलोत, कानूनी सलाहकार युनुस पडियार व अब्दुल समद गुर्राक को सर्वसम्मति से पदीय दायित्व सौपा गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी अब्दुल रहमान गौड, इमामुद्दीन (शेरू), सिराजुद्दीन दबूक, रफीक भुट्टा, अहमद अली तंवर, उस्मान मुल्तानी, इमरान टाक रहे। मंच पर सदारत वजीर शैरानी ने की।

# धर्मनगरी भीलवाड़ा में भक्ति का नया इतिहास रचेगा, शिव महापुराण कथा का आयोजन

- संतो के सानिध्य में शिव महापुराण कथा के कार्यालय का शुभारंभ

**भीलवाड़ा।** धर्मनगरी भीलवाड़ा शहर में पहली बार प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से 9 से 15 सितम्बर तक होने वाली शिव महापुराण कथा के लिए संकटमोचन हनुमान मंदिर के पास कार्यालय का शुभारंभ रविवार सुबह संतों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ।

शिव महापुराण कथा आयोजन समिति के तत्वावधान में होने वाले इस भव्य आध्यात्मिक आयोजन के कार्यालय का शुभारंभ संकटमोचन हनुमान मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज, हाथीभाटा आश्रम के महन्त संतदासजी महाराज, निम्बार्क आश्रम के महन्त मोहनशरणजी महाराज के सानिध्य में भीलवाड़ा विधायक एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक कोठारी ने किया। इस दौरान भोले शंकर भगवान महादेव एवं बालाजी महाराज के जयकारे गूंजते रहे। कार्यालय शुभारंभ समारोह में महन्त संतदास महाराज, मंहत मोहनशरण शास्त्री ने इस भव्य धार्मिक आयोजन के लिए मंगलभावनाएं व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि धर्मनगरी भीलवाड़ा में यह एतिहासिक आयोजन होगा। धर्मनगरी भीलवाड़ा में इस कथा आयोजन की पहल करने वाले महंत बाबूगिरी महाराज ने कहा कि समाज के हर वर्ग को साथ जोड़ते हुए हमे इसे सफल ओर एतिहासिक बनाना है। आयोजन समिति अध्यक्ष विधायक अशोक कोठारी ने कहा कि यह आयोजन हमारे लिए तब अधिक सार्थक हो जाएगा जब यह हमारे जीवन को सुंदर ओर श्रेष्ठ बनाए। कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने अब तक हुई तैयारियों के बारे में जानकारी देने के साथ कहा कि सभी को तन, मन, धन से सहयोग कर इस महाआयोजन को सफल बनाने में समर्पित भाव से अपना सहयोग प्रदान करना है।

# हरियाली तीज पर अंराई में वृक्षारोपण, 2600 पौधे लगाए

- अरांई में हरियाली तीज पर पौधारोपण करते अधिकारी

**अंराई।** हरियाला राजस्थान अभियान के तहत हरियाली तीज के अवसर पर पंचायत समिति अंराई में ब्लॉक स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तहसीलदार हरीराम, विकास अधिकारी शिवदान सिंह, एसएचओ भोपाल सिंह, सहायक विकास अधिकारी दौलत सिंह राठौड़ की मौजूदगी में चारागाह विकास कार्यस्थल पर 26 सौ पौधे लगाए गए। पौधों का पोर्टल पर जियो टैगिंग का कार्य भी पूर्ण किया गया।

तहसीलदार हरिराम ने कहा कि हरियाला राजस्थान अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ हरियाली बढ़ाना है, उन्होंने ग्रामीणों से पौधों की देखरेख एवं संरक्षण में सहयोग की अपील की। विकास अधिकारी शिवदान सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं और प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करना चाहिए। सहायक विकास अधिकारी दौलत सिंह राठौड़ ने बताया कि लगाए गए पौधों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी तथा जियो टैगिंग के माध्यम से उनकी प्रगति पर नजर रखी जाएगी। एसएचओ भोपाल सिंह ने कहा कि इससे न केवल पर्यावरण शुद्ध रहेगा बल्कि भविष्य में ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली और छांव भी बढ़ेगी।

इस अवसर पर कनिष्ठ अभियंता माधुरी जैन, ग्राम विकास अधिकारी सुरेश चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवरतन सिंह, महामंत्री जतन चौधरी, रोहित गौड़, जीतू माली, साँवरा कुम्हार, मदन लाल आचार्य सहित ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



अंराई में ब्लॉक स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।

# अणुव्रत समिति ने किया कपड़े के थैलों का वितरण

**भीलवाड़ा।** अणुव्रत समिति भीलवाड़ा द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से रविवार को सोनी अस्पताल परिसर में कपड़े के थैलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर नागरिकों को पॉलीथिन का उपयोग न करने तथा कपड़े के थैले अपनाने की शपथ भी दिलाई गई। समिति अध्यक्ष अभिषेक कोठारी ने बताया कि यह पहल पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू के नेतृत्व में की गई। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण आज मानव स्वास्थ्य, पशु-पक्षियों एवं प्रकृति के लिए गंभीर खतरा बन चुका है, ऐसे में वैकल्पिक विकल्प अपनाना समय की मांग है। समिति उपाध्यक्ष रेणु चोरड़िया ने कहा कि पॉलीथिन न केवल भूमि को प्रदूषित करता है, बल्कि इसका प्रभाव खाद्य श्रृंखला और जैव विविधता पर भी पड़ता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने दैनिक जीवन में पॉलिथीन का परित्याग कर पुनः उपयोगी विकल्पों को अपनाए।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम ANJALI LALWANI से बदलकर GAYATRI LALWANI रख लिया है। यह नाम परिवर्तन सिर्फ मेरे पति के पासपोर्ट में अंकित मेरा नाम ठीक करवाने हेतु ही है, इससे मेरा अन्य कोई भी दस्तावेज प्रभावित नहीं हो GAYATRI LALWANI, Add. A/173, Chandravardai Nagar, Ward no.11, Fakira Kheda, Ajmer

